# कार्यालय प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद, जिला – महासमुंद (छत्तीसगढ़)

*AFFILIATED TO PANDIT RAVISHANKAR SHUKLA UNIVERSITY RAIPUR*

Email - msmd.sagemmc@gmail.com Prsu Raipur College Code - 370


क्र./430/2025 महासमुन्द, दिनांक 11/10/2025

## :: जनभागीदारी शिक्षक हेतु विज्ञापन ::

महाविद्यालय में रिक्त सहायक प्राध्यापक पदों के विरुद्ध अतिथि व्याख्याता भर्ती प्रक्रिया में लगी रोक के उपरांत जनभागीदारी मद से निम्नलिखित विषयों पर शिक्षक नियुक्ति हेतु पद रिक्त है।

| क्र. | पदनाम | विषय |
|---|---|---|
| 1 | जनभागीदारी शिक्षक | भौतिक शास्त्र |
| 2 | जनभागीदारी शिक्षक | गणित |

इच्छुक अभ्यर्थी सभी स्व प्रमाणित वांछित दस्तावेजों के साथ दिनांक 15 अक्टूबर 2025 से पूर्व महाविद्यालय कार्यालय में कार्यालयीन समय 10:30 से 05:30 तक स्वयं उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियुक्ति संबंधी नियम व शर्तें निम्नानुसार रहेगी :–

1. यह नियुक्ति पूर्णता अस्थाई रहेगी।
2. आयुक्त उच्च शिक्षा संचनालय द्वारा अतिथि व्याख्याता नियुक्ति पर लगी रोक हटने के उपरांत नियुक्ति पर आपकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी।
3. जनभागीदारी शिक्षक को 5000/– (अक्षरी पांच हजार रुपये मात्र) एक मुस्त मासिक वेतन पर आमंत्रित किया जाएगा।
4. नियुक्त जन भागीदारी शिक्षक को महाविद्यालय समय सारणी समिति द्वारा प्रदान किए गए कालखंड के आधार पर कक्षाएं लेना, आंतरिक परीक्षाएं आयोजित करना तथा प्रायोगिक कक्षाएं लेना तथा प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित करना शामिल होगां
5. कार्य समाप्ति के उपरांत महाविद्यालय कार्यालय द्वारा जन भागीदारी शिक्षक को किसी प्रकार का अनुभव प्रमाण पत्र प्रदान नहीं किया जाएगा।
6. चयन प्रक्रिया महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के नियमों के अधीन रहेगी।
7. अभ्यर्थी अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन कराने में सक्षम हो।

श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर
जनभागीदारी संयोजक

11/10/2025
प्रो. (डॉ.) अनुसुइया अग्रवाल, डी.लिट्.
प्राचार्य
प्राचार्य
स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम
आदर्श महाविद्यालय,महासमुन्द

Notice_Atmanand